# ग्राम पंचायत घुरकड़ी, विकास खण्ड काँगड़ा जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176001 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का

# अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

1. (क)प्रस्तावना

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत घुरकड़ी, विकास खण्ड काँगड़ा, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

प्रधान:–

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अनिल कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

सचिव :–

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राम कृष्ण | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

तकनीकी सहायक :–

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री संजय पत्रा | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

ग्राम रोजगार सहायक :-

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री संजीव कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः-**

ग्राम पंचायत घुरकड़ी के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्र | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 0.17 |
| 2 | 5.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 13.88 |
| 3 | 6.1 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 1.17 |
| 4 | 7.1 | दुकानों के किराये का वसूली हेतु शेष होना | 0.58 |
| 5 | 7.2 | दुकानों के किराये के साथ GST की वसूली न करने के कारण सरकार को राजस्व हानि | 0.16 |
| 6 | 7.3 | दुकानों को किराये पर आंबटित न करने व खाली रखने के कारण ग्राम पंचायत को वित्तीय हानि। | 1.14 |
| 7 | 9.1 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 0.68 |
| 8 | 9.2 | खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करना | 1.17 |
| 9 | 9.3 | निर्माण कार्य के लिये सामग्री खरीद हेतु अधिक भुगतान करना | 0.16 |
| 10 | 11 | निर्माण कार्यों से सम्बन्धित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति आदि अभिलेख प्रस्तुत न करना | 27.00 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः-**

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत घुरकड़ी के गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2018 से 31/03/2019 व 01/04/2019 से 31/03/2021 के लिये किये गये थे, इन अंकेक्षण प्रतिवेदनो के शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है:-

(1) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2018 से 31/03/2019 तक

| क्र0सं0 | पैरा सं. | निर्णीत/अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | अनिर्णीत | – |
| 2. | 5 | अनिर्णीत | – |
| 3. | 6 | अनिर्णीत | – |
| 4. | 9 | अनिर्णीत | – |
| 5 | 11 | अनिर्णीत | – |
| 6 | 13 | अनिर्णीत | – |
| 7 | 14 | अनिर्णीत | – |
| 8 | 15 | अनिर्णीत | – |
| 9 | 16 | अनिर्णीत | – |
| 10 | 18 | अनिर्णीत | – |

(2) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2019 से 31/03/2021 तक

| क्र0सं0 | पैरा स. | निर्णीत/अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | अनिर्णीत | – |
| 2. | 4.1 | निर्णीत | उक्त अवधि की रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेषों में शून्य अंतर के तहत। |
| 3. | 5 | अनिर्णीत | – |
| 4. | 6.1,6.2 | अनिर्णीत | – |
| 5 | 7 | अनिर्णीत | – |
| 6 | 8 | अनिर्णीत | – |
| 7 | 9.1 | अनिर्णीत | – |
| 8 | 9.2 | अनिर्णीत | – |
| 9 | 10 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दिया गया है। |
| 10 | 11 | अनिर्णीत | – |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | 12 | अनिर्णीत | — |
| 12 | 13 | अनिर्णीत | — |
| 13 | 14 | अनिर्णीत | — |
| 14 | 15 | अनिर्णीत | — |
| 15 | 16 | अनिर्णीत | — |
| 16 | 17 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दिया गया है। |
| 17 | 18 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दिया गया है। |
| 18 | 19 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दिया गया है। |
| 19 | 20 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दिया गया है। |

## भाग—दो

### 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत घुरकड़ी के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 05.04.2024 से 19.04.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022—23 | 10/2022 | 05/2022 |
| 2023—24 | 06/2023 | 06/2023 |

**अस्वीकरणः—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध**

न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**3. अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/154 दिनांक 19.04.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि हिमाचल ग्रामीण बैंक मटौर के मल्टीसिटी चैक संख्या 088666 दिनांक 04.05.2024 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

**4.1 (क) वित्तीय स्थितिः–**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2024/138 दिनांकः 05.04.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में दिया गया हैः–

1.स्वः–स्त्रोतः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 44957.32 | 60362.00 | 105319.32 | 85279.39 | 20039.93 |
| 2023-24 | 20039.93 | 132800.79 | 152840.72 | 96813.48 | 56027.24 |

2.अनुदानः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1342494.40 | 6072577.16 | 7415071.56 | 5339432.27 | 2075639.29 |
| 2023-24 | 2075639.29 | 2823640.06 | 4899279.35 | 3511281.68 | 1387997.67 |

**कुल योग (1+2)** 56027.24 +1387997.67 **=14,44,024.91**

## (ख) बैंक समाधान विवरणीः–

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2024 को रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति से **₹14,44,024.91** तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि **परिशिष्ट–3** के अनुसार अन्तशेष **₹14,26,749.56** से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः–

| | **बैंक खातों की विवरणीः–** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत | एच•जी•बैंक मटौर | 87890100042977 | 38375.01 |
| 2 | स्वःस्त्रोत | आई.डी.बी.आई.बैंक कॉंगड़ा | 1159104000010502 | 376.88 |
| 3 | 5वां वितायोग | का•के•सह•बैंक कॉंगड़ा | 20033022744 | 62326.37 |
| 4 | टी•एस•सी | एच•जी•बैंक मटौर | 87890171684391 | 0 |
| 5 | एम•पी•लेड | एच•जी•बैंक मटौर | 87890171687680 | 13143.18 |
| 6 | आर.जी.एस.ए | यस•बैंक कॉंगड़ा | 031594600000523 | 0 |
| 7 | 15वॉं वित्तायोग | एच•जी•बैंक मटौर | 87890171694279 | 1312528.12 |
| 8 | हस्तगत शेष | | | 0 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2023 का कुल योगः– | | | | **₹1426749.56** |
| **दिनांक 31.03.2023 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति के अनुसार (पैरा 4) अन्तशेषः– | | | | **₹1444024.91** |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2023 का अन्तशेषः– | | | | **₹1426749.56** |
| अन्तरः– | | | | **₹17275.35** |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**(ग) रोकड़ बही का बैंक खातों के साथ नियमानुसार मिलान न करने के कारण ₹0.17 लाख का अन्तरः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत घुरकड़ी द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त बजट लेखे ,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹17275.35 का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था, जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/139 दिनांक 06.04.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी.जी/04/2024 दिनांकः 19.04.2024 द्वारा सूचित किया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः इस बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए वर्तमान में अन्तर का शीघ्रतिशीघ्र मिलान करके अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में भी नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करते हुये बैंक एंव रोकड बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये ।

**(घ) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः–**

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त बजट लेखे ,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के वाउचरों का अवलोकन करने पर इस तथ्य की पुष्टि सम्भव

न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं:–

| अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | बिल, मस्ट्रोल सं/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1.मनरेगा | निल/18.05. 2022 | 988 | निमार्ण कुल्ह राम स्वरूप की जमीन से सुरेश की जमीन वार्ड–6 | 16240 |
| 2 मनरेगा | निल/18.05. 2022 | 499,500 | निमार्ण रोड शुभकरण के घर से मीरा के घर तक वार्ड–3 | 30450 |
| 3.मनरेगा | निल/17.05. 2022 | 417/24. 01.2024 | निमार्ण कुल्ह राज कुमार की जमीन से अजय गिल की जमीन | 116100 |
| 4 मनरेगा | निल/17.05. 2022 | 20/31.01. 2022 | निमार्ण एम्बुलेन्स रोड प्रताप के घर से अमर सिंह के घर तक | 149400 |

यह एक गम्भीर अनियमितता है। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/152 दिनांक: 18.04.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:– जी.पी.जी/04/2024 दिनांक 19.04.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि वर्तमान समय से खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जा रहे है तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबहियों को भी तैयार करके आगामी अंकेक्षण में सत्यापना हेतु प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

अतः अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

## 5.1 अनुदान की राशि ₹13.88 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जाना:–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एंम मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/138 दिनांकः—05.04.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जो कि [redacted]1 व [redacted]2 पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31—03—2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹1387997.67 की राशि उपयोग हेतु शेष थी:—

| क.स. | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | 5वाँ वित्त | 31.03.2024 | 62326.37 |
| 2. | टी.एस.सी | 31.03.2024 | 0 |
| 3. | एम.पी.लेड | 31.03.2024 | 13143.18 |
| 4. | आर.जी.एस.ए | 31.03.2024 | 0 |
| 5. | 15वाँ वित्तायोग | 31.03.2024 | 1312528.12 |
| | | **कुल जोड** | **1387997.67** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने से यह पंचायत पीछे है। इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/141 दिनांकः 09.04.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्यः—जी.पी.जी/04/2024 दिनांक 19.04.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा ।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

— 111 —

**5.2 अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव न करना :–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त ,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 61(1) के अंतर्गत उल्लेखित फार्म 21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव नहीं किया गया था, जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

अतः भविष्य में नियमों के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन(Update) करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखाकंन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

**6.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹1.17 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–**

हि0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत द्वारा सम्पति कर/गृहकर की वसूली की जानी अपेक्षित है तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी रकम बिना र्प्याप्त कारणों के परादेय/अदत्त (Outstanding) नहीं रखी जायेगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/138 दिनांकः 05/04/2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर की मद में ₹1,17,210/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। इतनी अधिक राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/142 दिनांकः–09.04.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– जी.पी.जी/04/2024 दिनांक 19.04.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि वर्तमान समय से सम्पति कर/गृहकर की वसूली की जा रही है तथा वसूली उपरान्त निधि में जमा करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की नियमित वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.2 गृहकर मांग व संग्रहण रजिस्टर तैयार न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम के नियम 33 व 77 के अनुसार फार्म 10 पर पंचायत के गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर तैयार करना अपेक्षित है।

पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान पंचायत के सम्पत्तिकर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए दिनांक 31.03.2024 को सम्पति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/152 दिनांकः–18.04.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– जी.पी.जी/04/2024 दिनांक 19.04.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि गृहकर मांग एवं संग्रहण रजिस्टर को तैयार करने उपरांत आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

अतः गृहकर मांग एवं संग्रहण रजिस्टर तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व शीघ्रातिशीघ्र इसे तैयार करना सुनिश्चित किया जाए तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

**दुकानों के किराये से आयः–**

**7.1 दुकानों के किराये की बकाया ₹0.58 लाख का वसूली हेतु शेष होनाः–**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा/अ0वृ0कां/2024/138 दिनांकः 05/04/2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार **दिनांक 31.03.2024 तक दुकानों के किराये की ₹57,677/– की राशि वसूली हेतु शेष थी,** जिसकी सत्यता की जांच अंकेक्षण में सम्भव न हो सकी क्योंकि पंचायत द्वारा दुकान किराया मांग व प्राप्ति रजिस्टर का न तो वार्षिक आधार पर और न ही माहवार अनुरक्षण किया गया था अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके अभाव में **दिनांक 31.03.2024 को** दुकान किराया वसूली हेतु शेष की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा इस किराये की वसूली हेतु कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/143 दिनांकः–10.04.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– जी.पी.जी/04/2024 दिनांक 19.04.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि दुकानों के किराये की बकाया राशि की वसूली करके सभा निधि में जमा करवा दिया जायेगा तथा दुकान किराया मांग व प्राप्ति रजिस्टर को भी तैयार करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) की अनुपालना सहित बकाया किराया की वसूली करने के लिये अपेक्षित कदम

यथाशीघ्र उठाया जाना सुनिश्चित करके दुकान किराया मांग व प्राप्ति रजिस्टर भी तैयार करना सुनिश्चित किया जाए तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**7.2 दुकानों के किराये के साथ GST की वसूली न करने के कारण सरकार को ₹0.16 लाख राजस्व की हानिः—**

ग्राम पंचायत घुरकड़ी द्वारा किराये पर दी गई दुकानों के किरायेदारों से देय किरायें पर **GST** की वसूली नहीं की गई थी जबकि नियमानुसार दुकानों के किराये पर **@18% GST** की वसूली की जानी अपेक्षित थी। अंकेक्षण को **परिशिष्ट "5"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार ग्राम पंचायत की अंकेक्षण अवधि 2022—23 व 2023—24 के दौरान दुकानों के किराये के रूप में की गई कुल मांग ₹88800/— पर देय GST 18% of 88800 = 15984 की वसूली उपरान्त इसे संबंधित विभाग में जमा करवाना अपेक्षित था। किन्तु नियमों के विपरीत कार्यप्रणाली अपनाते हुए ग्राम पंचायत द्वारा देय किराये पर **GST** की वसूली नहीं की गई जोकि एक गम्भीर वित्तीय अनियमितत्ता है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/143 दिनांकः—10.04.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— जी.पी.जी/04/2024 दिनांक 19.04.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त **GST** की राशि की वसूली करके सरकारी कोष में जमा करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है। अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासनानुसार उक्त राशि की वसूली अविलम्ब करते हुये सरकारी कोष में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए ।

**7.3 दुकानों को किराये पर आंबटित न करने व खाली रखने के कारण ग्राम पंचायत को ₹1.14 लाख की वित्तीय हानिः—**

वर्तमान अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार दुकाने किराये पर आंबटित न करने व खाली रखने के कारण किराया आय के रूप में ₹114000/—की वित्तीय हानि हुईः—

| क्र0सं0 | दुकान किराया संख्या | पुराना मासिक किराया (₹) | जिस अवधि के लिये दुकाने खाली रही | जितने माह दुकाने खाली रही | किराये के रूप में हुई वित्तीय हानि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 500 | 01.04.2022 से 31.03.2024 | 24 | 12000 |
| 2 | 3 | 500 | 01.04.2022 से 31.03.2024 | 24 | 12000 |
| 3 | 6 | 500 | 01.04.2022 से 31.03.2024 | 24 | 12000 |
| 4 | 7 | 500 | 01.04.2022 से 31.03.2024 | 24 | 12000 |
| 5 | 8 | 500 | 01.04.2022 से 31.03.2024 | 24 | 12000 |
| 6 | 9 | 500 | 01.04.2022 से 31.03.2024 | 24 | 12000 |
| 7 | 10 | 500 | 01.04.2022 से 31.03.2024 | 24 | 12000 |
| 8 | 11 | 500 | 01.04.2022 से 31.03.2024 | 24 | 12000 |
| 9 | 13 | 250 | 01.04.2022 से 31.03.2024 | 24 | 6000 |
| 10 | 15 | 250 | 01.04.2022 से 31.03.2024 | 24 | 6000 |
| 11 | 16 | 250 | 01.04.2022 से 31.03.2024 | 24 | 6000 |
| | | | | **कुल जोड** | **114000** |

उक्त वर्णित अनियमितता अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/144 दिनांकः–10.04.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत के ध्यानार्थ लाई गई, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– जी.पी.

जी/04/2024 दिनांक 19.04.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त खाली दुकानों को मुरम्मत करने उपरान्त किराये पर आंबटित करने हेतु कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। प्रस्तुत उत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है। अतः उपरोक्त उल्लेखित दुकाने मासिक किराये पर आंबटित न करने का पूर्ण औचित्य अंकेक्षण को स्पष्ट किया जाए व उक्त दुकानों को मासिक किराये पर आंबटित न करने के कारण किराये के रूप में हुई वित्तीय हानि ₹114000 का उतरदायित्व निर्धारण करने उपरान्त उक्त राशि की वसूली उचित स्त्रोतों से की जानी सुनिश्चित की जाए व खाली दुकानों के किराये पर देने हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करके कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 7.4 दुकानों के किरायेदारों के साथ किराया अनुबन्ध न करनाः–

पंचायत सचिव ने कार्यालय पत्र क्रमाँकः–जी.पी.जी/04/2024 दिनांक 19.04.2024 द्वारा अँकेक्षण के दौरान सूचित किया कि पंचायत द्वारा उक्त सम्पत्तियों को किराये पर देते समय किरायेदारों के साथ किसी प्रकार का अनुबन्ध हस्ताक्षरित नहीं किया गया था। यह बहुत ही गम्भीर अनियमितता है तथा इसके अभाव में यदि भविष्य में पंचायत को कोई वित्तीय हानि होती है तो यह चूककर्ताओं का व्यक्तिगत दायित्व होगा।

उपरोक्त अनियमितता के बारे में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/143 दिनांकः 10.04.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी.जी/04/2024 दिनांक 19.04.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि आगामी समय में इससे संबंधित औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरान्त ही दुकानों को किराये पर आंबटित किया जायेगा। अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासनानुसार किरायेदारों के साथ नियमानुसार अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया जाये ताकि भविष्य में किराया वसूली/बढ़ौत्तरी में दिक्कत न आये, जिसकी अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

### 8.1 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹0.02 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना :–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार विवाह के पंजीकरण हेतु ₹ 200 (सामान्य) व आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल. के लिये ₹ 25 पंजीकरण शुल्क व 30 दिनों के बाद 90 दिनों के भीतर ₹400(सामान्य) से व ₹ 50 आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क वसूल करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान विवाह शुल्क रजिस्टर के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि **परिशिष्ट "6"** पर संलग्न सूचना के अनुसार 09 विवाह पंजीकृत किये गये थे, जिस हेतु ₹200 / 400 की दर से कम राशि वसूली गई थी, जबकि उक्त वर्णित दरों के अनुसार ₹2400 वसूल किये जाने अपेक्षित थे।

कम वसूली का उक्त प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 142 दिनांकः 09 / 04 / 2024 के अन्तर्गत सचिव ग्राम पंचायत घुरकड़ी के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी. जी / 04 / 2024 दिनांक 19.04.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बकाया विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली करके सरकारी कोष में जमा करवा दी जायेगी।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासनानुसार उक्त देय राशि की वसूली अविलम्ब करते हुये सरकारी कोष में जमा करना सुनिश्चित की जाए तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

### 8.2 विवाह पंजीकरण के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित

दर से प्राप्त की जानी अपेक्षित है तथा जिसे समय–समय पर वसूल करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0235–00–800–03" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान निम्न विवरणानुसार पाया गया कि ग्राम पंचायत घुरकड़ी द्वारा वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया था:–

| क.संख्या | वित्तीय स्थिति | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1. | 2022–23 | 2050 |
| 2 | 2023–24 | 5600 |
| | जोड | 7650 |

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/142 दिनांक: 09/04/2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत घुरकड़ी के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–जी.पी.जी/04/2024 दिनांक 19/04/2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि सरकारी कोष में जमा करवा दी जाएगी।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

-119-

## 9.1 क्रय किये गये सामान राशि ₹0.68 लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होना:–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत घुरकड़ी द्वारा अवधि 01.04.2022 से 31.03.2023 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार राशि ₹68,000/– के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका:–

| अनुदान | वा.स./ दिनांक | सामग्री का विवरण | बिल.सं0/ दिनांक | मात्रा/ रेट | आपूर्तिकर्ता | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.निधि | 04/13. 06.23 | HP Printer MFP 136 A<br>Foxin LED 18.5 | 462/20. 01.22 | – | मै0 जयन्ती कम्पयूटर सिस्टम बिरता | 15000<br>5000 |
| 2.निधि | 04/13. 06.23 | Toner 110A | 482/01. 04.23 | – | मै0 जयन्ती कम्पयूटर सिस्टम बिरता | 3000 |
| 3.15वां वित | 04/12. 06.23 | Installation of Watercooler | 162/13. 06.23 | – | मै0 काथियाल इंजीनियरिंग सर्विस घुरकड़ी | 45000 |
| | | | | | **कुल जोड** | **68000** |

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/152 दिनांक:–18.04.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–जी.पी.जी/04/2024 दिनांक 19/04/2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि वर्तमान समय से स्टॉक प्रविष्टियां की जा रही है। प्रस्तुत उतर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः क्रय किये गये प्रत्येक सामान का इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**9.2 खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करने फलस्वरूप सरकारी कोष को ₹1.17 लाख की सम्भावित राजस्व हानिः–**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा।

ग्राम पंचायत द्वारा [redacted]"7" पर संलग्न चुनिन्दा वाउचरों के तहत निर्माण कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹116962.38 का अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/151 दिनांकः–18.04.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी.जी/04/2024 दिनांक 19/04/2024 द्वारा सूचित किया गया कि गत समय में क्रय की गई सामग्री रेत,बजरी,वोल्डर से संबंधित एम फॉर्म को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है, क्योंकि ट्रांजिट पास फॉर्म को उपलब्ध न करवाने की स्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री की राशि का भुगतान रॉयल्टी की कटौती 25 प्रतिशत पेनल्टी सहित करने के पश्चात किया जाना अपेक्षित था।

अतः उक्त किये गये अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इस मामले सम्बन्धित विभाग से उठाते हुये तदानुसार कृत

अपेक्षित कार्यवाही से अवगत करवाया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके हिमाचल प्रदेश सरकार के आय लेखा शीर्षक ''0853'' नॉन फैरस माइनिंग एवं मेटोलोजिकल इंडस्ट्रीज उप–शीर्ष ''102'' मिनरल कन्सेशन फीस किराया एवं रॉयल्टीस ''81" खनिज फीस रियायत आदि में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। पूर्वोक्त मामलों के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में क्रय की गई निर्माण सामग्री हेतु रॉयल्टी की राशि की संस्था/विभागीय स्तर पर समुचित गणना कर वस्तुस्थिति अनुसार उसकी भी वसूली उचित स्त्रोत से करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9.3 निर्माण कार्य के लिये सामग्री खरीद हेतु ₹0.16 लाख का अधिक भुगतान करनाः—**

1.निर्माण एम्बुलेन्स रोड़ मेन रोड़ से अश्वनी शर्मा के घर तक की रिकार्ड प्रविष्टियों का अवलोकन करने पर पाया गया निम्न विवरणानुसार माप पुस्तिका संख्या 13786 के पृष्ठ संख्या 72, 73 व 74 में निर्माण सामग्री रेत का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 128, दिनांक निल के अनुसार निर्माण सामग्री रेत 16 Cum का क्रय किया गया था, तथा क्रय की गई कुल सामग्री को खपत के रूप में दर्शाया गया था। क्रय/खपत की गई मात्रा को अधिक दर्शाने के कारण ₹6720 का निम्नानुसार अधिक भुगतान किया गया था।

